बिहार सरकार

पर्यावरण एवं वन विभाग

# कार्यालयः--वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गया वन प्रमण्डल, गया।

Phone & Fax No- 0631-2220406 , Mob. No. 8986153379, Email id - gaya dfo@gmail.com

पत्रांक 869

प्रेषक,

रणवीर सिंह, भा0व0से0
वन प्रमण्डल, पदाधिकारी
गया वन प्रण्मडल, गया।

383
9/2/2018

सेवा में,

वन संरक्षक,
गया अंचल,गया।

गया/823001,दिनांक... 09.02.2018

विषयः– गया जिलान्तर्गत ढुंगेश्वरी पर्वत (लारपुर पी0एफ0) पर रज्जू पथ के निर्माण हेतु वन (संरक्षण), अधिनियम् 1980 के तहत् वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव।

प्रसंगः– अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–नोडल पदाधिकारी, (वन संरक्षण) बिहार, पटना का पत्रांक–रा0क्र0–11/17 (व0स0) संख्या–कैम्पा–व.सं./97 दिनांक 20.02.2017

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा प्राप्त प्रस्ताव का स्थलीय जॉचोपरान्त कण्डिकावार विवरण निम्नवत हैः–

(I) परियोजना की वैधानिक स्थिति–रक्षित वन है। (अधिसूचना की छायाप्रति संलग्न)

(II) परियोजना क्षेत्र में अवस्थित वृक्षों की संख्या 183 है। (गणना की सूची संलग्न)

(III) संलग्न नक्शा का भौतिक सत्यापन कर हस्ताक्षर अंकित किया गया।

(IV) परियोजना निर्माण के लिए वास्तविक अपयोजित होने वाली वन भूमि का क्षेत्रफल 0.64 हे0 है। जिसे प्रपत्र के भाग– II में अंकित है।

(V) स्थल निरीक्षण टिप्पणी संलग्न।

(VI) अपयोजन होने वाली वन भूमि के समतुल्य गैर वन भूमि क्षतिपूरक वनरोपण हेतु प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया है। उपलब्ध कराने के पश्चात प्राक्कलन भेज दिया जायेगा।

(VII) वन्य प्राणी से संबंधित अभयुक्ति स्थलीय जॉच में अंकित है।

(VIII) परियोजना निर्माण क्षेत्र से वन्यप्राणी आश्रयणी की दूरी 32 कि0मी0 है।

(IX) अपयोजनकर्ता को वन भूमि का FRA, 2006 का प्रमाण–पत्र प्राप्त करने हेतु प्रपत्र समर्पित करने हेतु लिखा गया है।

(X) परियोजना में अपयोजित होने वाली वन भूमि का DGPS Reading संलग्न है।

अतः प्रस्ताव की छः प्रतियॉ अनुसंशा सहित अग्रेतर कार्रवाई हेतु सम्र्पित।

अनुलग्नक–यथोक्त !

विश्वासभाजन,

30-1-18

वन प्रमण्डल पदाधिकारी
गया वन प्रमण्डल,गया।